दो दिवसीय

राष्ट्रीय संगोष्ठी

स्मारिका SOUVENIR

16-17 फरवरी, 2019

वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता

आयोजक

शिक्षा विभाग

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

उमेश पटेल
मंत्री
उच्च शिक्षा, कौशल विकास,
तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

मंत्रालय, कक्ष क्रमांक- M1-12
महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर 492002 (छत्तीसगढ़)
फोन : 0771-2510316, 2221316
नि : D-1/2, शास. आवासीय परिसर, देवेन्द्र नगर, रायपुर
फोन : 0771-2881030
नंदेली कार्यालय : 7000477747

क्रमांक 152/B

दिनांक 08/04/2019

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा "वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर आयोजकों द्वारा देश के प्रतिष्ठित विद्वान/विदुषी सहित प्राध्यापकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों द्वारा शोध पत्र व आलेख की स्मारिका प्रकाशित की जा रही है।

मुझे आशा है कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी शिक्षा क्षेत्र के लिए सफल प्रयास होगी। संगोष्ठी के आयोजन और स्मारिका प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(उमेश पटेल)

Dr. Bansh Gopal Singh
Vice-Chancellor
Pt. Sundarlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh, bilaspur

डॉ. बंश गोपाल सिंह
कुलपति
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय

क्रं. 38 /कु.स./19 बिलासपुर, दिनांक 13/02/2019

//संदेश//

यह प्रसन्नता का विषय है कि पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी **"वर्तमान शिक्षा पद्वति एवं सृजनात्मकता"** विषय पर दिनांक 16 एवं 17 फरवरी, 2019 को आयोजित किया जा रहा है तथा इस अवसर पर शोध–पत्र/आलेख की स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

प्राचीन काल से वर्तमान तक शिक्षा पद्वति में कई नये प्रयोग हुए है। सूचना क्रांति के इस दौर में शिक्षा प्राप्ति के अनंत द्वार भी खुल गये है। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा को ज्ञान का पर्याय न मानकर जीवन निर्माण, मनुष्यत्व के विकास एवं चरित्र के गठन का साधन माना है परन्तु वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बच्चों मे सर्वाधिक महत्तवपूर्ण पक्ष सृजनात्मकता का विकास बाधित हो रहा है।

मैं आशा करता हूँ कि इस संगोष्ठी में वर्तमान शिक्षा पद्वति एवं सृजनात्मकता के समस्त पहलूओं पर विचार होगा एवं सार्थक निष्कर्ष आयेगा जिससे भविष्य में शिक्षा में बाधाओं को दूर करने में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन एवं इस अवसर पर प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

13.2.'19
(बंश गोपाल सिंह)
कुलपति

कोनी-बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष (07752 240701, 240711) निवास (07752 424329)
Website : www.pssou.ac.in, Email : vc@pssou.ac.in

प्रो. अंजिला गुप्ता
कुलपति
Prof. Anjila Gupta
Vice-Chancellor

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
बिलासपुर-495009, छत्तीसगढ़ (भारत)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University)
Bilaspur - 495009, Chhattisgarh (India)

शुभकामना सन्देश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि पण्डित सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर में "वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16–17 फरवरी, 2019 को करने जा रहा है। भारत ने हमेशा से शिक्षा, विद्या, ज्ञान और विज्ञान को सर्वोच्च महत्व दिया है और यह तथ्य 700 ई.पू. स्थापित तक्षशिला विश्व के प्रथम शिक्षण संस्थान या विश्वविद्यालय के रूप में इतिहास में दर्ज है। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में नए ज्ञान के सृजन और अनुप्रयोग की तीव्र गति, विशेष कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अविष्कृत नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (विशेष कर इंटरनेट) ने बदलते विश्व के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षणिक ताने–बाने को विद्यार्थियों समझने मे महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है। वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में सृजनात्मकता और नवाचार में कमी के साथ साथ अनेक चुनौतिया रही है यथा – शिक्षा तक पहुंच और भागीदारी, शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षा में समता, व्यवस्थागत कार्यकुशलता, प्रशासन एवं प्रबंधन, अनुसंधान और विकास तथा शिक्षा विकास के लिए वित्तीय प्रतिबद्धता जैसी अनेक स्थाई चिंताएं और चुनौतियां मौजूद है। भारत सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और शिक्षा की भागीदारी तथा पहुंच को बढ़ाने हेतु समय समय पर अनेक आयोग गठित किए गए थे। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948–49), माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952–53), शिक्षा आयोग (1964–66), राष्ट्रीय शिक्षा आयोग–। और ।। (1983–85) इनमें शामिल प्रमुख आयोग है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में "वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता" विषय पर देश भर से पधारे शोधार्थी, शिक्षाविद्, विद्वानों तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार विमर्श और गहन चिंतन होगा और नई शिक्षा नीति निर्माण में सहायक होगा। वर्तमान विषय की गंभीरता इस बात से लगाई जा सकती है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2016 के प्रारूप में भी नीतिगत ढाँचा के अंतर्गत नवाचार, सृजनता और उद्यमीयता के संवर्धन करने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में अगले पांच वर्षों में और 100 Incubation centers स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता और सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

(प्रो. अंजिला गुप्ता)
कुलपति

Phone : (07752) 260283, 260481 (O), 260351, 260288 (R), Fax : (07752) 260148 (O)
e-mail : vc@ggu.ac.in / dranjilagupta@gmail.com

Prof. Ravi Prakash Dubey
Vice-Chancellor
DR. C. V. RAMAN UNIVERSITY
KOTA, BILASPUR (C.G.)

प्रो. रविप्रकाश दुबे
कुलपति
डॉ. सी.व्ही रामन् विश्वविद्यालय
कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

पत्र क्र. 274 / कु.प. / सीवीआरयू / 2019

बिलासपुर दिनॉक: 07 / 02 / 2019

शुभकामना – संदेश

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के तत्वाधान में दिनॉक 16–17 फरवरी 2019 को "वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हो रही है।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में "वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता" से जुड़े देश के प्रतिष्ठित विद्वान / विदुषि सहित, प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी भाग लेकर अपने शोध पत्रों के माध्यम से विचार व्यक्त करेंगे, इन विचारों और उनके उत्कृष्ठ शोधों से समाज में वर्तमान शिक्षा पद्धति एवं सृजनात्मकता की उन्नति और स्वीकृति की दिशा में एक नई ऊर्जा का विकास होगा। ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।

मैं इस उपलब्धि के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव व इस संगोष्ठी हेतु आयोजित समिति के सभी सदस्यों को हृदय की गहराइयों से शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ एवं संगोष्ठी की सफलता की कामना करता हूँ।

प्रो. रविप्रकाश दुबे
कुलपति

Bhopal Office : SCOPE Campus, NH-12, Near Misrod, Hoshangabad Road, BHOPAL - 47
Ph.: +91-755-2499657, 3293214-15-16-72, 3207080 Fax : +91-755-2429096

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी, बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष (07752) 240702, 240712

शुभकामना संदेश

प्रत्येक मनुष्य में सृजन की अपार संभावनाएँ निहित होती है, इन संभावनाओं को विकसित करने का माध्यम है शिक्षा। शिक्षा मानव जीवन का अनमोल धन है, आजीवन नवीन विचारों, व्यक्तियों, संस्थाओं के सम्पर्क में आकर मिलने वाले अनुभवों से स्वयं का और समाज का जीवन बेहतर करना शिक्षा ही है।

अखिल विश्व की सभ्यता, संस्कृति, इतिहास, विज्ञान से परिचित कराना, श्रेष्ठ को अपनाने निम्न त्याग कर बालक में विद्यामान क्षमता गुणों के विकास द्वारा नवीन सृजन में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

नवीन सृजन हेतु समर्पण का होना आवश्यक गुण है। प्रत्येक काल, परिस्थिति में नव सृजन का क्रम बना रहता है, राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक एवं सहयोगी, सहभागी शिक्षक, शोधार्थी विद्वतजनों के अनुभव से नव सृजन की गति को तीव्र करेंगे, ऐसा विश्वास है।

संगोष्ठी की सफलता हेतु शुभकामनाएँ।

(डॉ. राजकुमार सचदेव)
कुलसचिव

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी, बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष (07752) 240715

संयोजक की कलम से

विश्वविद्यालय विचारों को प्रकट करने का एक मंच प्रस्तुत करता है पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में लगातार विचारों का मंथन का कार्य राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से किया जाता रहा हैं। इसी कड़ी में एक संगोष्ठी वर्तमान शिक्षण पद्वति एवं सृजनात्मकता विषय पर भी आयोजित की जा रही है। क्या वर्तमान शिक्षण पद्वति बालकों को सर्वांगीण विकास करने में सक्षम है? क्या यह केवल सैद्धांतिक है या व्यवहारिक भी ? यह बालकों के मूलभूत गुण सृजनात्मकता को महत्व देता है या नहीं ? आदि प्रश्नों के उत्तर इस संगोष्ठी में खोजे जायेंगे। सृजनात्मकता एक प्राकृतिक गुण है यदि अवसर ठीक प्रकार से मिले तो निश्चित रूप से ही यह गुण उभर कर सामने आता है नहीं तो दब कर रह जाता है। घर हो या विद्यालय दोनों जगह यदि इसे पोषण मिले तो निश्चय ही यह प्रस्फुटित और पल्लवित होता है।

समाज का नवनिर्माण सृजन पर ही आधारित रहता है। इसका स्वरूप छोटा या बड़ा हो सकता है। अभी तक के जितने अविष्कार हुए है, वे सृजनात्मकता के ही उदाहरण है। विद्यालय में यदि शिक्षण पद्धति में हम इसे सम्मिलित करते हैं और बालकों को सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराते हैं, उन्हें अभिप्रेरित करते हैं तो निश्चय ही समाज विकास की ओर उन्मुख होगा।

विभिन्न राज्यों से आये विद्वान अपने अनुभवों एवं विचारों को व्यक्त करेगें, जो निश्चित ही शिक्षकों, प्रशिक्षार्थियों और विद्यार्थियों के लिए अमूल्य होगा। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सभी का स्वागत एवं अभिनंदन।

सधन्यवाद

संयोजक

डॉ.बीना सिंह | डॉ.अनिता सिंह | डॉ. प्रकृति जेम्स

आयोजन समिति

- मुख्य संरक्षक -

डॉ. बंश गोपाल सिंह

कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर (छ.ग.)

डॉ. राजकुमार सचदेव

कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर (छ.ग.)

- संयोजक -

डॉ. बीना सिंह

सहा. प्राध्यापक, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

डॉ. अनिता सिंह

सहा. प्राध्यापक, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

डॉ. प्रकृति जेम्स

सहा. प्राध्यापक, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

- समिति के सदस्यों की सूची -

क्र.	समिति	सदस्यों के नाम	दायित्व
1.	स्मारिका समिति एवं मुद्रण प्रकाशन समिति	डॉ. पुष्कर दुबे	संयोजक
		डॉ. एस.रुपेन्द्र राव	सदस्य
		डॉ. श्रीमती तनुजा बिरथरे	सदस्य
		डॉ. अनुपमा कुमारी	सदस्य
		डॉ. .ऋतुराज त्रिवेदी	सदस्य
		डॉ. अनुपा थॉमस	सदस्य
		डॉ. अमित पाण्डेय	सदस्य
		डॉ. दीपक पाण्डेय	सदस्य
		श्री हरीश चन्द्र वैष्णव	सदस्य
		श्री मजहर अली	सदस्य

2.	शैक्षणिक सत्र निर्धारण समिति	डॉ. प्रकृति जेम्स	संयोजक
3.	वित्त समिति	श्री चन्द्रशेखर जांगड़े	संयोजक
		श्री राकेश मानिकपुरी	सदस्य
		श्री आर.डी. वैष्णव	सदस्य
		श्री गौतम सिंह	सदस्य
		श्री सरोज मरावी	सदस्य
4.	आमंत्रण एवं विवरणिका (Brochure) वितरण समिति	डॉ. रुचि त्रिपाठी	संयोजक
		श्री गौतम सिंह	सदस्य
		श्री सौरभ वर्तक	सदस्य
		श्री शिरीष मिश्रा	सदस्य
		डॉ. दीपक पाण्डेय	सदस्य
		श्री हरदीप साहू	सदस्य
		श्री अखिलेश सनाढय	सदस्य
5.	मंच व्यवस्था एवं संचालन समिति	डॉ. अनिता सिंह	संयोजक
		डॉ. प्रकृति जेम्स	सदस्य
		डॉ. रुपेंन्द्र राव	सदस्य
		डॉ. रुचि त्रिपाठी	सदस्य
		डॉ. अनुपमा कुमारी	सदस्य
		श्रीमती एकता श्रीवास्तव	सदस्य
		श्री महेन्द्र कश्यप	सदस्य
		श्री रोहित भानू	सदस्य
6.	पंजीयन , किट एवं माण-पत्र वितरण समिति	श्री रेशम लाल	संयोजक
		डॉ. पुष्कर दुबे	सदस्य
		डॉ. प्रीति रानी मिश्रा	सदस्य
		डॉ. नीलिमा तिवारी	सदस्य
		श्री सालीक राम	सदस्य
		श्री विष्णु कांत	सदस्य
		डॉ. अनुपा थॉमस	सदस्य
		श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय	सदस्य
		श्री पवनदेव वैष्णव	सहायक
		श्रीमती अंजू साहू	सहायक
7.	चाय, जलपान एवं भोजन समिति	डॉ. मोरध्वज त्रिपाठी	संयोजक
		डॉ. पुष्कर दुबे	सदस्य
		डॉ. एस.रुपेन्द्र राव	सदस्य
		डॉ. दीपक पाण्डेय	सदस्य

		डॉ. श्रीमती तनुजा बिरथरे	सदस्य
		डॉ. ऋतुराज त्रिवेदी	सदस्य
		श्री बालकराम चौकसे	सदस्य
		श्री फूलेश्वर वर्मा	सदस्य
		डॉ. सुषमा सोलंकी	सदस्य
		श्री नवीन साहू	सदस्य
		श्री काश तिवारी	सदस्य
		श्री पाडुरंगा बाबु	सदस्य
		श्री हरदीप साहू	सहायक
		श्री सुभाशिष डे	सहायक
		शिव नरायण यादव	सहायक
		सोहन बरेठ	सहायक
8.	गेस्ट हाउस आवास व्यवस्था समिति	श्री संजीव कुमार लवानियाँ	संयोजक
		डॉ. मनोज कुमार तिवारी	सदस्य
		श्री सौरभ वर्तक	सदस्य
		श्री. शैलेष पॉल	सदस्य
		श्री. नवीन साहू	सदस्य
		मो . इमरान	सहायक
9.	आतिथ्य एवं परिवहन समिति	डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति	संयोजक
		श्री संजीव कुमार लवानिया	सदस्य
		डॉ. अभय पाण्डेय	सदस्य
		श्री फूलेश्वर वर्मा	सदस्य
		श्री दीपक कुमार पाण्डेय (कु. कार्या.)	सदस्य
		श्री प्रवीण शर्मा	सदस्य
		श्री विश्वास जलताड़े	सदस्य
		श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय	सदस्य
		श्री बिरिज खाण्डे	सदस्य
		मो वसीम अकरम	सदस्य
10.	तकनीकी समिति	श्री कपिल देव पटेल	संयोजक
		श्री घनश्याम साहू	सदस्य
		श्री महेन्द्र कश्यप	सदस्य
11.	प्रेस एवं मीडिया समिति	श्री दीपक कुमार पाण्डेय(कु. कार्या.)	संयोजक
		डॉ. अनुपमा कुमारी	सदस्य
		श्री सोमेन त्रिवेदी	सदस्य

मूल्यांकन एवं सृजनात्मकता का आपसी सम्बन्ध

डॉ. बीना सिंह
विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग

नमिता गौरहा
शोधार्थी (शिक्षा विभाग)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर दृष्टिपात करें तो परिलक्षित होता है कि यह सैद्धांतिक अधिक है और व्यावहारिक कम। ऐसे में विषय और याद करने में विद्यार्थियों को अधिक मानसिक दबाव का सामना करना पड़ता है, जिसकी परिणति उसकी सृजनात्मकता शिथिल होने की संभावना बढ़ जाती है। जब भी हम शिक्षा के उद्देश्य की बात करते हैं तो इसका दायरा सर्वभौमिकता को प्रदर्शित करता है। जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास निहित होता है, सर्वांगीण विकास से पर्याय बच्चों का मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, नैतिक एवं संवेगात्मक विकास से है। इन उद्देश्यों के आधार पर हम उनका आकलन करें तो इन उद्देश्यों की परिपूर्ति हेतु कार्य करने की आवश्यकता महसूस होती है। बच्चों के मानसिक विकास में अभिवृद्धि हेतु कक्षा में बच्चों से सीखने सिखाने की प्रक्रिया में जो क्रियाकलाप कराए जाते हैं उनका संबंध किताबों के इर्द–गिर्द ही होता है जो पूरी तरह रटने पर आधारित होता है। अर्थात हमारे शिक्षा का उद्देश्य परीक्षा पास करने के उद्देश्य में तब्दील हो जाता है और इस पूरी प्रणाली में न सिर्फ बच्चे, शिक्षक और पालक बल्कि पूरा समुदाय शामिल होता है। परीक्षा में जो बच्चा अच्छा अंक प्राप्त करता है वह उतना ही होशियार माना जाता है। यदि कम अंक प्राप्त करता है तो वह बच्चा अन्य क्षेत्रों जैसे व्यवहार कुशल, अच्छा कलाकार या अच्छा खिलाड़ी, संगीत में श्रेष्ठ होने के बावजूद भी कमजोर माना जाता है, अगर बालक का व्यवहारिक ज्ञान अथवा उपलब्धियों को नजर–अंदाज किया जाए तो सृजनशीलता समाप्ति की ओर अग्रसर होने लगती है, और वह अपने संपूर्ण जीवन में एक तकनीकी मानव बन जाता है। एक इंसान के मन में संवेदना का अभाव हो जाता है। वर्तमान परीक्षा पद्धति में मूल्यांकन का मूल आधार लगभग समाप्त होता जा रहा है, सृजनात्मक दृष्टि से परीक्षा पद्धति को व्यवहारिक एवं प्रायोगिक होना चाहिए जिससे बालक का मूल्यांकन उनके समस्त आयामों के आधार पर किया जा सके ।

सृजनात्मक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया बहुत ही सराहनीय कदम है जिसमें वर्तमान परीक्षा पद्धति को ध्यान में रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया जो बालक की पूर्ण सश्जनात्मक को प्रदर्शित करता है सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के क्षेत्र को दो आधारों पर बांटा गया है संज्ञानात्मक क्षेत्र एवं सह–संज्ञानात्मक क्षेत्र। संज्ञानात्मक क्षेत्र का आकलन दो आधार (फारमेटिव एवं समेटिव) पर आधारित होता है जो बालक की सृजनशीलता को पूर्णतः उभार कर सामने लाने में सहयोग प्रदान करता है

'मॉडल स्कूल' - ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवतापूर्ण शिक्षा की ओर एक कदम

डॉ. अनिता सिंह
(सहायक प्राध्यापक)

भरत प्रसाद गुप्ता
(शोधार्थी)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

राष्ट्र का विकास उसके शिक्षित नागरिकों पर निर्भर करता है। यदि शहरी या ग्रामीण किसी भी व्यक्ति के लिए शिक्षा से अछूता हो जाना राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर नही हो पाएगा। 15 अगस्त 2007 को प्रधानमंत्री द्वारा अपने वक्तव्य अनुसार प्रत्येक ब्लॉक में विशेषकर शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक में एक उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्यालय की स्थापना की जाएगी कहा गया था। जिसके अन्तगर्त 6000 स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य है। जो उस क्षेत्र के अन्य विद्यालयों का मॉडल होगा। इस विद्यालय को मॉडल स्कूल के नाम से संचालित किया जा रहा है। यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उभारने एवं विकास को दृष्टिगत रखते हुए स्थापित किये जा रहे हैं।

यह आलेख मॉडल स्कूल योजना के विभिन्न आयाम जैसे– पृष्ठभूमि, संकल्पना, विशेषताओं, उद्देश्य, मानक, प्रवेश इत्यादि पर आधारित है।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में सुधार की आवश्यकता

डॉ अनिता सिंह
सहायक प्राध्यापक
पं सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर

नीता कश्यप
सहायक प्राध्यापक
पं. मदन मोहन मालवीय शिक्षा महाविद्यालय
लावर, बिलासपुर (छ.ग.)

हमारी मनोवृत्ति का निर्माण हमारे जीवन, हमारे आचरण के अनुरूप ही होता है। हमारे जीवन तथा आचरण का मूल आधार है हमारी शिक्षा। कहा गया है "जैसा खावे अन्न वैसा बने मन। "यहां पर अन्न का अर्थ भोजन है, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही प्रकार का होता है। इसलिए यह सिद्ध होता है कि आजकल मानव समाज में जो तरह–तरह के छोटे–बड़े दोष दिखलाई पड़ रहे हैं उनका मूल हमारी शिक्षा ही है।

आजकल हर जगह शिक्षा प्रसार की नई–नई योजनाएं बन रहीं है। हमारी राष्ट्रीय सरकार इस बात की घोषणा कर चुकी है कि वह शीघ्र ही देश से निरक्षरता को मिटा देगी। परंतु विचार यह करना है कि हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली कैसी है और वह किस प्रकार के जीवन का निर्माण कर रही है तथा हमारी शिक्षा वास्तव में कैसी होनी चाहिए।

आजकल हमारी शिक्षा की व्यवस्था वास्तव में बहुत दोषयुक्त हो गई है। इसको मिटाकर हमें ऐसी शिक्षा–दीक्षा का विधान करना होगा जो हमें स्वयं अपने ऊपर विजय प्राप्त कर सकने में समर्थ बना सके तथा ज्ञान का अंतिम लक्ष्य चरित्र निर्माण ही होना चाहिए।

इसलिए हमारी शिक्षा को तीन भागों में विभाजित किया जाना चाहिए–"शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा।" हम स्वस्थ हों, हमारे स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क हो और हमारा स्वस्थ मन जीवन के स्वास्थ्य पर विचार कर सकने में समर्थ हो।

संक्षेप में हमारा आशय यही है कि शिक्षा के द्वारा हमारा समाज सचमुच स्वस्थ बने। हमारी शिक्षा केवल काम चलाऊ वस्तु न हो, वह केवल परीक्षा पास करने का माध्यम न हो, वरन् हमें भली प्रकार जीना सिखाये। विद्या वही है जो हमें इस दुनिया की चिंता से मुक्त करके हमारी नैया को भवसागर से पार लगाने में समर्थ हो – "सा विद्या या विमुक्तये।"

शिक्षालयों में विधिक शिक्षा का अनुप्रयोग

डॉ तनुजा बिरथरे
सहा. प्राध्यापक (विधि)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

मानव एक सामाजिक प्राणी है और उसे समाज में अनुशासित रखा जाना आवश्यक है । सभ्य समाज में मानव को अनुशासित रखने हेतु शिक्षा की बड़ी भूमिका हैऔर यह शिक्षा उसे शिक्षालयों से प्राप्त होती है।

वर्तमान स्थिति में शिक्षालयों द्वारा दी जाने वाली शिक्षा समावेशी है। ऐसी स्थिति में विधि विषयो का समावेश कर अनुप्रयोग किया जाना आवश्यक है । मनुष्य विधि द्वारा ही नियंत्रित होता है क्योंकि उसमें कठोर दण्ड एवं जुर्माने का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति इस आधार पर नही बच सकता की उसे विधि का ज्ञान या जानकारी नही थी। इसीलिये सामान्य जीवन में उपयोग मे आने वाले कानूनों की जानकारी हासिल करना या कराना आवश्यक है। जैसे वर्तमान शिक्षा पद्धति में विधि विषयों का समावेश नही होने से व्यक्तियों को उसकी जानकारी नही रहती है और वह अनजाने में अपराध कर बैठता है या अपना शोषण करवाता रहता है। जानकारी के अभाव में वह कानून के हाथों मजबूर हो जाता है। शिक्षालयों द्वारा सामान्य विधि के विषयों की जानकारी प्रदान किया जाना आवश्यक है क्योंकि विवाह की आयु सीमा तय है । इसी तरह कई मामले यौन उत्पीड़न के भी दिखाई देते है। घरों में बालिकाओ के साथ घरेलू हिंसा होते हुए दिखाई देती है किंतु जानकारी के अभाव में वह अपनी पीड़ा व्यक्त नही कर पाती , संस्थानों में शिक्षा के अधिकार का लाभ प्रदान नही कराया जाता,ऐसी परिस्थितियों से निबटने हेतु सामान्य कानूनों की जानकारी प्रदान किया जाना आवश्यक है जैसे–

विवाह से संबंधित कानून, यौन शोषण से संबंधित कानून, यातायात से संबंधित कानून, उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिये बनाया गया कानून, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण करने संबंधित कानून, लैंगिक उत्पीड़न विधि (POCSO ACT) , बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, आदि दैनिक दिनचर्या में उपयोग होने वाले कानूनों की जानकारी प्रदान/प्राप्त कराना शासन का भी दायित्व है और व्यक्तियों का भी कर्तव्य है।

दूरस्थ शिक्षा में नई मीडिया प्रौद्योगिकीयाँ : उपयोग एवं प्रभाव का विश्लेषण

डॉ. अनुपमा कुमारी
सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

नई प्रौद्योगिकी के उद्‌भव ने शिक्षण और सीखने के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति लायी है। दूरस्थ शिक्षा संस्थान विभिन्न मीडिया का उपयोग सीखने, जानकारी देने और शिक्षकों व शिक्षार्थियों के साथ जुड़ने के लिए करता है। यहाँ मीडिया को दो श्रेणियों में बाँटा गया है, पहला जिसका उपयोग विषय सामग्री वितरित करने के लिए किया जाता है, जैसे कि प्रिंट–सामग्री, वीडियो–टेप, ऑडियो–टेप, टेलीविज़न, कंप्यूटर–आधारित कोर्सवेयर, सीडी–रोम और दूसरा वह मीडिया है जो शिक्षकों और छात्रों के बीच संचार की अनुमति देता है जैसे फैक्स, रेडियो, टेलीकांफ्रेंसिंग, वीडियोकांफ्रेंसिंग, और इंटरनेट (पोनमेनी, 2013)। आज विकसित और विकासशील दोनों तरह के देशों में दूरस्थ शिक्षा, शिक्षा का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है।

हमारे समय के नवीनतम तकनीकी नवाचार जिन्होंने शिक्षा पर बहुत प्रभाव डाला है, वे हैं, इंस्ट्रक्शनल रेडियो, टेलीविज़न, पर्सनल कंप्यूटर, इंटरनेट, वेब 2.0, ई–लर्निंग, एम–लर्निंग आदि। भारत जैसे विकासशील देश में, जहाँ आज भी गरीबी और अशिक्षा है और लोग औपचारिक प्रणाली में अपनी शिक्षा पूरी करने में विफल हैं, उनके लिए यह वरदान है।

प्रस्तावित अध्ययन निम्नलिखित शोध प्रश्नों को आधार बनाकर किया गया है–

1) क्या भारत में अग्रणी ओपन और डिस्टेंस लर्निंग इंस्टीट्यूट ने पारंपरिक प्रिंट से लेकर नई मीडिया तकनीकों से बदलाव लाया है?

2) क्या शिक्षार्थी और शिक्षक नई मीडिया तकनीकों का उपयोग कर संतुष्ट हैं?

3) अध्ययन सामग्री की वितरण प्रणाली को कौन से कारक प्रभावित करते हैं?

4) नए मीडिया का कौन सा माध्यम उन्हें ज्यादा पसंद है?

5) शिक्षार्थियों को नए मीडिया का उपयोग करने के लिए क्या प्रेरित करता है? इसके लिए वर्णनात्मक अनुसंधान शोध पद्धति का इस्तेमाल किया गया है. इसमें छात्रों, संस्थानों / विश्वविद्यालयों, विशेषज्ञों की राय भी शामिल है। शोध अध्ययन ओपन यूनिवर्सिटी व उसके विद्यार्थियों के लिए एक दिशा प्रदान करने में सहायक साबित होगा।

प्रमुख शब्द : न्यू मीडिया, दूरस्थ शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान आदि।

शिक्षा पद्धति, परिणाम एवं तनाव प्रबंध के सन्दर्भ में सृजनात्मकता

डॉ. एस.रूपेन्द्र राव
विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग
पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

वर्तमान समय की इस व्यस्ततम दिनचर्या में कार्यो को सुचारू रूप से करना बेहतर परिणाम की अपेक्षा के साथ कार्य करना एक महत्वपूर्ण पक्ष है। जीवन में अच्छी सोच का विकास हमारी शिक्षा का अनिवार्य अंग है। व्यक्ति का व्यक्तित्व घर, परिवार आसपास के वातावरण एवं बेहतर सामाजिक– सांस्कृतिक वातावरण से बनता है। शिक्षा मनुष्य का मौलिक अधिकार है जिसे प्राप्त कर वह स्वयं, समाज एवं देश के लिए उपयोगी बनता है। वर्तमान शिक्षा पद्धति मे जहाँ एक ओर सूचनाओं का अम्बार है वहीं मूल्य आधारित शिक्षा का कहीं अभाव सा भी दिखता है। प्रतिस्पर्धा अधिकतम पाने की इच्छा तनाव, परिणाम की उच्च आकांक्षा इसका अनिवार्य सा अंग बन गया है ऐसी स्थिति में मौलिकता, सकारात्मकता का विकास एक बड़ी चुनौती सी लगती है। शिक्षा पद्धति के अन्दर पाठ्यक्रमों में हो रहे परिवर्तन एवं शैक्षिक वातावरण जहाँ एक और हमारा ज्ञान वर्धन तो कर रहे हैं परन्तु दूसरी ओर तनाव मैं वृद्धि एवं सृजनात्मकता में कमी भी ला रहे है। आज के समय की शिक्षा पद्धति मे बहुत से विकल्प मौजूद है किन्तु तनाव के बेहतर प्रबंधन के साथ मौलिकता को बनाए रखना और समायोजित व्यक्तित्व का विकास कुछ व्यक्ति ही कर पाते है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य वर्तमान शिक्षा पद्धति, परिणाम एवं तनाव के सन्दर्भ में विभिन्न महत्वपूर्ण पक्षों पर विचार करना एवं बेहतर विकल्पों को सामने लाना है

संकेत शब्द – शिक्षा पद्धति, तनाव प्रबंधन, सृजनात्मकता, वातावरण आदि

डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थाओं में गुणवत्ता मूल्यांकन: अध्यापक में कौशल विकास की भूमिका के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. प्रकृति जेम्स
निर्देशिका
सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग

सत्यप्रकाश यादव
शोधार्थी
शिक्षा

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कौशल से तात्पर्य है कुशलता तथा कौशल के विकास से तात्पर्य है अध्यापक विद्यालय में ऐसा स्वस्थ उत्साही वातावरण निर्मित करता है जहां विद्यार्थी अपनी क्षमता के आधार पर अनुभवों से स्वयं ज्ञान प्राप्त कर सकता है डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थाएं जो प्रारंभिक कक्षाओं को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, इन कक्षाओं में बच्चों को संपूर्ण संसाधनों की उपलब्धता, भवन की उपलब्धता, शिक्षकों की नियुक्ति छात्रों की उपस्थिति इत्यादि प्रकियाएं गुणवत्ता का सूचक है अध्यापकों के कौशल विकास के संदर्भ में यह स्पष्ट

है कि कौशल वह अनुदेशनात्मक प्रकिया है जिसे शिक्षक कक्षा में शिक्षण की कियाओं में उपयोग करता है वर्तमान में सरकार द्वारा शालाओं में शैक्षिक स्तर में बदलाव व गुणवत्ता में सुधार हेतु बालकेन्द्रित शिक्षा पद्धति एवं समावेशी शिक्षा जैसे गुणात्मक परिवर्तन को शामिल किया गया है। इस तरह के परिवर्तन को हमारे शिक्षक अपनी कक्षाओं में शामिल कर कक्षा को सार्थक स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सीखने से जुड़ी प्रकिया के सिद्धांतो पर निर्भर करती है, शिक्षक अपने कौशलों से युक्त शिक्षण पद्धति द्वारा कक्षा में ऐसा सुखद व अभिप्रेरणा युक्त वातावरण का निर्माण कर विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित शिक्षण से शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

विद्यालय एवं घर में सृजनात्मक की स्वीकार्यता

डॉ. ईश्वर सिंह बरगाह
प्राचार्य

श्रीमती कीर्ति सिंह बरगाह
सहा. प्राध्यापक

छ.ग.कल्याण शिक्षा महाविद्यालय, अहेरी, दुर्ग (छ.ग.)

सृजन ही जीवन है और सृजन ही जीवन है। सृजन की यह प्रक्रिया जीवनभर निरंतर चलती रहती है। हम मनुष्य के रूप में सृजित हुए और मनुष्य मात्र के लिए सृजनशीलता की प्रासंगिकता विशेष रूप से बढ़ गयी है। हम इक्कीसवीं सदी के प्रगतिशील युग में रह रहे हैं। ऐसे समय में सृजनशीलता की आवश्यकता घर एवं विद्यालयों में बढ़ जाती है।

हमारे देश में सरकार द्वारा समय–समय पर गठित समितियों आयोगों आदि विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 ने भी प्रत्येक स्तर के बालकों में सृजनशीलता विकास हेतु शिक्षा के गुणवत्ता पर बल दिया। आज के विद्यालय का स्वरूप पहले से अधिक भिन्न है। विद्यालय उतना ही अच्छा होगा, जितने कि उसके अध्यापक। एक विद्यालय, मानवता, सहिष्णुता, तर्क, प्रगति, प्रत्ययों के अपूर्व तथा सत्य की खोज के लिए स्थापित किया जाता है।

वर्तमान समाज तथा विविध रूप से उत्सुक होते विश्व ने सृजनशीलता के महत्व एवं स्वरूप में परिवर्तन कर दिया है आज विज्ञान ने जो कुछ भी हमें प्रदान किया है उसके पीछे सृजनशील चिन्तन और नये आयाम ही रहे हैं। यदि देखा जाय तो आज का कलाकार, शिल्पी, अभियन्ता, लेखक, डाक्टर, वैज्ञानिक, तकनीशियन, कवि आदि ये सब चुनौती भरे वातावरण में सांस ले रहे हैं। कारण यह है उन्हें भौतिक और नये–नये आविष्कार चाहिए।

किसी भी बालक का प्रारम्भिक विकास घर में होता है यहीं से उन्हें सर्वप्रथम अच्छे और बुरे अनुभव प्राप्त होते हैं। वह अपने समय का लगभग 3 चौथाई भाग परिवार में तथा मात्र 1 चौथाई भाग विद्यालय में व्यतीत करता है। बालक पारिवारिक वातावरण, परिवार के मुखिया के स्वतंत्र चिन्तन, स्वतंत्र व्यवसाय, सूझ–बूझ, निर्णय शक्ति और प्रभावकारिता पर निर्भर होता है। बालक परिवार का दर्पण है। जैसे पानी की बूंद में सूरज का प्रतिबिंब होता है, वैसे ही बालक में माता–पिता की नैतिक शुद्धता प्रदर्शित होती है। विद्यालय

में शिक्षक और घर में माता–पिता का उत्तरदायित्व है कि प्रत्येक बालक को सुखी बनाएं। अतः माता–पिता को चाहिए कि अपने बालकों के लिए उत्प्रेरक के समान कार्य करना, बालकों के प्रति जागरूक रहकर सहायता करना और समय–समय पर उनके सृजनशील विचारों और कार्यों का समर्थन भी करना चाहिए।

Role of creativity and Learning Style in Education

Dr. Anita Singh
Asst. Prof.(Education Dept.)

Mrs, Ritika Soni
Research Scholar (Education Dept)

Pt. Sunderlal Sharma (Open) University Chhatisgarh, Bilaspur

The term Learning Style speaks to the understanding that every student learns differently. Technically, an individual's learning style refers to the preferential ways in which the students observe and retain informations. Notion of individualized learning style has gained widespread recognition in education theory and classroom management strategy. Creative learners are the learners who think 'Out of the Box' .Creativity and learning Style are closely related and play a vital role to enhance learning. Creative learners have their own separate view point which categorises them into a special class. They have innovative spirit of exploring new boundaries and are capable to follow a merged style of learning and expand their thinking to new dimensions. Creative children have their own sets of needs and contributions to offer to the classroom, society and their families. While the creative child may share ideas which seem really "out there" to others, there is an upside to recognizing the creative thinkers in our lives. They are often great at generating new ideas and sparking healthy debates and they tend to have a keen sense of humour. Whether a child is creative, gifted or high-achieving, understanding how they learn and think can help all three develop a synergistic balance in their approach to learning. Learning Style and Creativity emerged as a very relevant pedagogic concept due to the varied nature of classes in terms of size, diversity curriculum and break through ICT.

CREATIVITY IN RABINDRANATH TAGORE

DR.ANUPA THOMAS
Assistant Professor
Dept. of English
Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattishgarh, Bilaspur

Rabindranath Tagore,a man of versatile genius and achievements,was the first Indian poet and writer who gained for modern India,a permanent place on the world literary map.He mainly wrote in Bengali and translated his own creations into English,often changing,transforming .His English renderings may be called transcreations.Tagore was a poet par excellence and all his writings—plays,short stories,novels,essays,letters,reminiscences and all his speeches,he gave in India and abroad are permeated with a rich fund of creative imagination.

Rabindranath Tagore began his literary career by writing in Bengali.Banphul is his first verse narrative.He has written about 7000 lines of verse before he was eighteen.His most remarkable set of writings is his 'Gitanjali'which he wrote in Bengali in 1909-10 ; which was later translated and put up in 1912.In November 1913,he was awarded the Nobel Prize for literature for the English translation of Gitanjali.An honorary doctorate was conferred on him by Calcutta University the same year.In 1914 he was Knighted and in 1940;he received D.Litt. at Shantiniketan from Oxford University.He had a great flair for writing and continued writing till to the very end of his life.

विद्यालय वातावरण एवं सृजनात्मकता

श्रीमती जयति साहू

मानव जीवन के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की अपनी अहम भूमिका होती है। इसी प्रकार विद्यालय की सम्पूर्ण सफलता में भौतिक संसाधनों की व्यवस्था से भी अधिक विद्यालय के शैक्षिक वातावरण की होती है। विद्यालय का वातावरण सहज शैक्षिक रचनात्मक प्रेरणादायी एवं अनुशासित हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय में विद्यार्थियों को खेलकूद, सहशैक्षिक, रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर लेना उपर्युक्त उपाय है। हमें दंड, आलोचना, अभद्र भाषा, कार्यवाही, निष्कासन इत्यादि से बचना चाहिए। शिक्षा के पथ पर चलकर ही व्यक्ति सत्य की मंजिल पर पहुँचता है। शिक्षा द्वारा मानव को ज्ञानवान, कला कौशल युक्त और सभ्य बनाया जाता है।

वर्तमान समय में हमारे समाज में अनेक प्रकार के विद्यालय संचालित हो रहे है। इनमें सरकारी विद्यालय, गैर सरकारी विद्यालय, आवासीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय आदि प्रमुख है। इन विद्यालयों में शिक्षकों की योग्यता, विद्यालय की प्रतिस्पर्धात्मक प्रवशत्ति, अभिभावक का शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर आदि के द्वारा वातावरण निर्मित होता है। प्रत्येक माता–पिता विद्यालय से यह अपेक्षा करता है कि विद्यालय का भौतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक वातावरण उच्च कोटि का हो ताकि उसमें अध्ययनरत विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। विद्यालय विद्यार्थियों को जीवन का वास्तविक अनुभव प्रदान करते हुए उनमें ज्ञान का उचित उपयोग अन्तनिर्हित क्षमताओं एवं योग्यताओं का विकास, शैक्षिक ज्ञान की अभिवृद्धि, नैतिक एवं चारित्रिक विकास करने के साथ–साथ शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त करने के लिये अभिप्रेरित करता है।

बालक का व्यक्तित्व बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक विकसित होता है तथा उसका अधिकांश समय विद्यालय में ही व्यतीत होता है। प्रत्येक बालक का पालन – पोषण एवं विकास निश्चित वातावरण में होता है, उपयुक्त वातावरण नहीं मिलने पर अनेक प्रतिभाएं अविकसित रह जाती है। अतः बालक को जैसा भौतिक वातावरण मिलता है। वैसी ही जन्मजात शक्तियॉं उसमें विकसित होती है। विद्यालय में विभिन्न आदतों, रूचियों, योग्यताओं एवं दृष्टिकोणों के बालक आते है। जैसे–जैसे बालक का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वह बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आता है। जिससे बालक में कुछ शारीरिक तथा मानसिक परिवर्तन होता है। इस परिवर्तन में विद्यालय वातावरण का प्रमुख योगदान होता है।

गोर्डन का मत है कि उचित सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण न मिलने पर मानसिक विकास की गति धीमी हो जाती है। बालक का मानसिक विकास सिर्फ बुद्धि से ही निश्चित नहीं होता है बल्कि उसमें बालक के ज्ञानेन्द्रियाँ, मस्तिष्क के सभी भाग एवं मानसिक क्रियाएँ आदि सम्मिलित होती है। अतः बालक वंश से कुछ लेकर उत्पन्न होता है। उसका विकास उचित वातावरण से ही सकता है। वातावरण से बालक की बौद्धिक क्षमता में तीव्रता आती है। अतः बालक की शिक्षा बुद्धि, मानसिक प्रक्रिया और सुंदर वातावरण पर निर्भर करती है। प्रायः यह देखने में आता है कि उच्च बुद्धि वाले बालक भी सही वातावरण के बिना उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते है।

विद्यालय के अच्छे वातावरण द्वारा जहाँ बालकों में सर्वांगीण विकास होता है, वहीं बालकों में सृजनशक्ति का भी विकास करती है। सभी विद्यार्थियों में कुछ न कुछ मात्रा में सृजनशीलता अवश्य होती है, कुछ में अधिक होती है, तो कुछ में सामान्य से कम। विद्यार्थियों में भी इस शक्ति के प्रस्फूटन एवं विकास के लिये उचित शैक्षिक वातावरण की आवश्यकता होती है। शिक्षकों द्वारा इस ओर ध्यान दे तो बालकों की सृजनात्मकता का विकास किया जा सकता है और उसे समाजोपयोगी बनाया जा सकता है। हर युग, हर काल तथा हर देश में सृजनशील व्यक्ति पाये जाते है।

विद्यालय वास्तव में मूलभूत संरचनात्मक सुविधाओं वाली एक प्रशासनिक इकाई है, जिस प्रकार माता–पिता का व्यक्तित्व एवं व्यवहार घर के वातावरण को प्रभावित करता है, उसी प्रकार अध्यापक विद्यालय के वातावरण को प्रभावित करते है। विद्यालय एवं कक्षा का रूचिपूर्ण व मैत्रीपूर्ण वातवरण विद्यार्थियों के स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक होता है। विद्यालय के सकारात्मक वातावरण से ही एक विद्यार्थी भावी जीवन में प्रगतिशील हो सकता है। इसलिए विद्यालय वातावरण को विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं सामाजिक जीवन की नींव कहा जा सकता है।

एक सृजनशील विद्यार्थी एक कलाकार, संगीतज्ञ, लेखक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी कोई भी सश्जनात्मक चिंतक हो सकता है। सृजनात्मक चिन्तम में "नया" शब्द पर विशेष बल दिया जाता है। सृजनात्मक बालक अपनी खोज तथा सिद्धांतों के अध्ययन के लिए नए रास्तों का उपयोग करता है। सृजनशील विद्यार्थी के व्यवहार में मौलिकता होती है। उसके अंदर स्वयं निर्णय लेने की क्षमता होती है। वे किसी भी कार्य को गंभीरता से लेते है और उत्तरदायित्व ढंग से करते है। उन विद्यार्थियों में वस्तुओं से निहित संबंधो को देखने और संबंध स्थापित करने की योग्यता होती है।

सृजनात्मकता की प्रवृत्ति बालक में जन्मजात होती है, परन्तु फिर भी इस प्रवृत्ति को बाहरी रूप से बढ़ावा देने की भी परम् आवश्यकता होती है। यदि समय पर इसे आवश्यक प्रोत्साहन नहीं मिल पाता, तब इससे बालक की जन्मजात क्षमता दबी रह जाती है। अतः इस आंतरिक क्षमता को निखारने की जरूरत होती है। एक शिक्षक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हम बच्चों के भीतर मौजूद सृजनात्मक क्षमताओं की पहचान कर उनका विकास करें। उन्हें अच्छा वातावरण देकर उनमें निहित सृजनात्मक का विकास करें। जिसमें से कुछ इस प्रकार है।

- विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता देना।

- अपने विचार का आकलन करना तथा उनमे से उपयोगी विचारों का चुनाव करना। जोखिम लेने की क्षमता का विकास करना।
- बालकों का खुद पर विश्वास बढ़ाना कि वे जो कर रहें है वह ठीक है तथा उचित है।
- बालकों की यह चुनने में मदद करना कि उन्हें क्या पसंद है?
- बालकों की यह चुनने में मदद करना कि उन्हें क्या पसंद है?
- स्वयं सृजनात्मकता सोच के साथ कार्य करके, बालकों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना।
- कक्षा शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों से प्रायः पूछे कि क्या कोई इस समस्या का नया या भिन्न उत्तर देना चाहता है। इस प्रकार के उत्तरो को कक्षा चर्चा में शामिल करे।
- स्वयं सृजनात्मक सोच के साथ कार्य करके बालकों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना।
- यदि कक्षा में विभिन्न विचार आ रहे है तो उनके आधार पर संवाद को प्रोत्साहित करें।
- कई बार ऐसे भी प्रदत्त कार्य दे जो मूल्यांकन का हिस्सा न हो, बल्कि उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति की संभावना हो।

विद्यार्थियों में सृजनात्मक चिन्तन में संवर्धन का प्रयास कुछ युक्तियों तथा उपकरणों का उपयोग करके किया जा सकता है।

इनमें से प्रमुख है–

संवेदनशीलता का प्रशिक्षण – इसके अंतर्गत भिन्न और नए तरीके से सोचने का अवसर दिया जाता है। जैसे आप अपने घर के आस–पास कैसे ध्वनियॉं सुनते है? आप बादलों में क्या–क्या आकार देखते है।

प्रेक्षण :– बच्चों को अपने आस–पास की चीजों को देखने प्रेक्षण करने तथा इन्हें लिखने के लिए प्रेरित करना।

शब्द प्रयोग :– समान अक्षर से प्रारंभ होने वाले विभिन्न शब्दों से वाक्यों का निर्माण।

बहुल प्रयोग – विभिन्न वस्तुओं जैसे पेंसिल, कप, बल्ब, समाचार पत्र, इत्यादि के सामान्य तथा असामान्य उपयोगों की जिन्हें हम सोच सकते है, सूची बनाना।

कहानी लेखन– बच्चों को कुछ वाक्य देकर, उनसे कहानी पूरी करने को कहना या अलग ढंग से लिखने को कहना।

अन्वेषश :– भोजन हेतु नया व्यंजन, संगीत उपकरण, कलम, स्टैंड, किताब पर चिन्ह लगाने की कलम या दैनिक उपयोग की चीज बनाना।

वर्गीकरण :– विभिन्न प्रकार की वर्गीकरण और अवधारणों का वर्गीकरण।

अनुकूल विद्यालय वातावरण होने पर सश्जनशील विद्यार्थियों की शिक्षा को ग्राहम वालेस ने चार दशक पहले साक्षात्कारों, प्रश्नावलियों तथा संस्मरणों की सहायता से प्रख्यात सश्जनात्म्क चिंतको की चिन्तन प्रक्रिया में निहित चरणों का अध्ययन किया। उन्होने पता लगाया कि यद्यपि चिन्तन में वैयक्तिक भिन्नताएँ होती है तथापि इसका एक क्रमबद्ध स्वरूप भी होता है। उन्होंने पांच चरणोः तैयारी, उद्‌भवन प्रदीप्तिकरण, मूल्यांकन तथा समीक्षा का उल्लेख किया है।

तैयारी :– चिंतन करने वाला व्यक्ति, समस्याओं का रेखांकन करता है तथा समस्या समाधान के लिए आवश्यक सामग्रियो तथा प्रदत्तों को एकत्र करता है। कई दिनों, सप्ताहों तथा महीनों तक सतत् प्रयास के बावजूद समस्या का हल नहीं मिलता है। चिंतक जानबूझकर या अनिच्छा से अपने को इस प्रक्रिया से अलग कर लेता है। यहाँ से दूसरे चरण की शुरूआत होती है। यहाँ मानिसक विन्यास तथा कार्यात्मक जड़ता से व्यक्ति को दूर रहने की जरूरत होती है।

उद्धवन– जैसे ही व्यक्ति समस्या से हट जाता है तथा उसके बारे में नहीं सोचता है, त्यों ही मानसिक सेट प्राकार्यत्मक स्थिरता या अन्य विचार, जो समाधान को बाधित करते है, कमजोर पड़ जाते है। शायद थकान या समस्या में अधिक तल्लीनता भी इस अवधि में कम हो जाती है। सृजनात्मकता चिन्तन में संलग्न अचेतन चिन्तन प्रक्रिया भी इस चरण में कार्य करने लगती है।

प्रदीप्तीकरण– जब कहीं से कुछ नहीं होता, तो अंर्तदृष्टि के रूप में समस्या का संभावित समाधान दिखता है। प्रदीप्तन, ग्राह्य के साथ समाधान के एक अचानक विचार के रूप में चेतना में घटित होता है।

मूल्यांकन – जो समाधान प्राप्त होता है, उसकी उपयुक्ता की जाँच या परीक्षण किया जाता है। जो सूझ मिलती है वह अक्सर असंतोषदायी भी होती है, जिनमें परिमार्जन आवश्यक होती है।

पुनःसमीक्षा :– यदि हम संतोषदायी है समाधान तक नहीं पहुँचा पाते तो पुनः समीक्षा आवश्यक हो जाती है।

अतः हमने विद्यालय वातावरण में सृजनात्मक के जिन चरणों का विवेचन किया है, उनसे इनके चरणों की एक सामान्य तस्वीर मिलती है, जो अत्यंत सृजनशील का प्रतिभावन लोगो द्वारा, समस्या समाधान के लिय अपनायी जाती है। इस प्रकार शिक्षकों द्वारा बालकों को विद्यालय में अच्छा वातावरण देने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षकों द्वारा बालकों को अपनी जिज्ञासा व्यक्त करने की छूट होनी चाहिए, क्योंकि विद्यार्थी की सहज जिज्ञासा सृजनशील व्यवहार की जननी होती है तथा ऐसा व्यवहार नित नवीन प्रयोगो व खोजो के लिए एक प्रकार से अभिप्रेरित करती रही है।

संदर्भित ग्रंथ :–

माध्यमिक स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विद्यालय वातवरण का अध्ययन– बलवान सिंह, डॉ. रविकान्त यादव

संज्ञान, अधिग एवं शिक्षण– द्विवर्षीय बी.एड. मुक्त पाठयक्रम

हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्य के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की सश्जनात्मकता का तुलनात्मक अध्ययन – श्रीमती श्वेता राजोरिया, महादेव कुमार

वर्तमान शिक्षा-पद्धति एवं यौगिक तनाव प्रबंधन

डॉ. कप्तान सिंह
(डी. लिट् – योग)
सहायक प्राध्यापक (योग विज्ञान) विभाग
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

सा विद्या या विमुक्तये का उद्घोष भारतीय शिक्षा पद्धति के मूल मर्म को अभिव्यक्त करता है। प्राचीनकाल के ही भारतीय शिक्षा पद्धति मानवीय मूल्यों के सृजन, संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अग्रशील रही है। काल प्रवाह के साथ युग युगांतर से प्रवाहित हमारी शिक्षा पद्धति वर्तमान कलेवर मैं जहाँ एक ओर विविध रूप में अवतरित होकर जीवन एवं जगत की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत कर रही हैं, वही दूसरी ओर वह सैकड़ों विविध चुनौतियों से आबद्ध और अवरुद्ध प्रतीत हो रही है। प्राचीन काल में शिक्षा का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक, तपोनिष्ठ एवं आनन्दकारी होता था। गुरु–शिष्य सम्बन्ध स्वस्थ परंपरा का अनुगमन एवं सृजन करते थे, इसका मूल कारण था कि प्राचीनकाल में शिक्षा का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक था। धर्माधारित अर्थ एवं काम व्यवस्था से पूरित समाज को मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित एवं अग्रसर करना शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला थी जो गुरु एवं शिष्य की चेतना के परिष्कार एवं विस्तार में सहायक हुआ करती थी. योग आधारित शिक्षा व्यवस्था तनावमुक्त एवं रसमय थी। फलतः प्रतियोगिता के स्थान पर सहभागिता, स्व के स्थान प्रभाव, संग्रह के स्थान पर त्याग, लोभ के स्थान पर अपरिग्रह एवं सारतः भोग के स्थान पर योग को वरीयता दी जाती थी। इस प्रकार शिक्षा व्यवस्था में समरसता एवं सामंजस्य का वातावरण होता था। वर्तमान शिक्षा पद्धति अपनी तमाम अच्छाइयों के साथ तनावग्रस्त होने के कारण जहाँ अपने लक्ष्य से भटकती प्रतीत हो रही हैं, वही दूसरी ओर तनाव के कारण शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अन्य सम्बंधित लोग जीवन के नैसर्गिक शांति एवं आनंद से वंचित होते जा रहे हैं। सारतः वर्तमान शिक्षा पद्धति के विविध आयाम तनाव ग्रस्त प्रतीत हो रहे हैं तथा योग साधना की विविध तकनीकियों के माध्यम से वर्तमान शिक्षा पद्धति को तनावमुक्त किया जा सकता है।

मूल्यपरक शिक्षा के अभाव सृजनात्मकता

डॉ. अमित कुमार पाण्डेय
सहायक प्राध्यापक
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

मूल्यपरक शिक्षा की आज जितनी आवश्कयता अनुभव की जा रही है उतनी पहले कभी नहीं थी। आज हम एक गहन संक्रमणकाल से गुजर रहे है मूल्य परक शिक्षा के अभाव में सृजनशीलता का विकृत रूप ही दृष्टिगोचर होता है। हमारे प्राचीन मूल्यों में कुछ तो पूर्णतः विघटित हो चुके है और कुछ बड़ी तेजी से विघटित हो रहे है किन्तु नए मूल्य अभी स्थापित नहीं हो पाए है। आज सदाचरण, सत्य अहिंसा, प्रेम शांति

जैसे शाश्वत मूल्यों की महति आवश्यकता है, यह मूल्य तो व्यक्तिगत उत्थान के लिए अपितु सामाजिक व राष्ट्रीय प्रगति एवं शान्ति के लिए भी परम आवश्यक है।

वर्तमान के परिदृश्य में समावेशी शिक्षा की चर्चा तेजी से हो रही है जिसमे सभी की शिक्षा की बात हो रही है शिक्षा के इस प्रारूप में सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को पढ़ने की बात हो रही है इस शिक्षा पद्धति में दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, शारीरिक दिव्यांग आदि सभी प्रकार के दिव्यांगों को शामिल किया गया है शिक्षा की सहायता से इस प्रकार इनका सामाजिक समायोजन करने में आसानी होगी क्योकि एक सभ्य समाज से सही ढंग से सामाजिक व्यवहार सिखा जा सकता है। श्रवण बाधितों को सांकेतिक भाषा के प्रयोग से सही ढंग से शिक्षा प्रदान किया जा सकता है और इसी शिक्षा की सहायता से इन्हें सही तरीके से समायोजित किया जा सकता है।

मुख्य शब्द : श्रवण बाधित, सामाजिक समायोजन, समावेशी शिक्षा और एवं चुनौतियाँ

वर्तमान परीक्षा पद्धति के दोष तथा सृजनात्मक दृष्टि से सुझाव

पप्पू सूर्यवंशी
सहायक प्राध्यापक
शिक्षा विभाग, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर

वर्तमान परीक्षा पद्धति में व्याप्त व्यापक दोषों को देखते हुए ही मैं ''वर्तमान परीक्षा पद्धति के दोष तथा सृजनात्मक दृष्टि से सुझाव'' विषय को अध्ययन के लिए चुना हुँ, जिसमें सबसे पहले मैनें सृजनात्मक को समझाने का प्रयास किया हूँ, जिससे उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला हूँ। उसके बाद मैनें परीक्षा क्या होती है उसे समझाने का प्रयास किया हूँ, और वर्तमान परीक्षा पद्धति के बारे मे बताया हूँ। इसके बाद वर्तमान परीक्षा पद्धति के दोष जैसेः– परीक्षक द्वारा विद्यार्थियों के अंक काटने का कारण न बताया जाना, विभिन्न विषयों के अंको में अंतर, उत्तर पुस्तिका विद्यार्थियों को न दिखाया जाना, उत्तर पुस्तिका का

मूल्यांकन विषय विशेषज्ञ द्वारा न कराया जाना, विभिन्न शिक्षकों द्वारा एक ही उत्तर पुस्तिका में अलग–अलग अंक देना, प्रश्न पत्रों में प्रश्नो की पुनरावृत्ति होना, परीक्षा के प्रशासन में दोष, वस्तु निष्ठता का अभाव, प्रश्न पत्र में पूरे पाठ्यकम का प्रतिनिधित्व न हो पाना, जॉचकर्ता द्वारा बिना पढ़े ही उत्तरपुस्तिका का मुल्याँकन कर देना आदि पर मैनें प्रकाश डाला और फिर मैंनें सृजनात्मक दृष्टि से वर्तमान परीक्षा पद्धति मे व्याप्त दोषों को दूर करने के लिए सुझाव दिये, जिनमें प्रमुख रूप से सतत तथा व्यापक मुल्यांकन, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश, सेमेस्टर सिस्टम, ग्रेडिंग सिस्टम, प्रश्नबैंक तैयार करना, तथा मूल्यांकन के कम्प्यूटर का प्रयोग आदि अंत में मैनें निष्कर्ष के रूप में बताया कि इन सब सुझाओं पर ध्यान से कार्य करने पर परीक्षा पद्धति के दोषों को आसानी से दूर किया जा सकता है।

CREATIVITY IN THE CLASSROOM

Dr. JyotiVerma
Assistant Professor
Department of Education

Ms. Shraddha Singh
Assistant Professor
Department of Education

Guru GhasidasVishwavidyalaya, Koni, Bilaspur

There is no doubt that creativity is the most important human resource of all. Without creativity, there would be no progress, and we would be forever repeating the same patterns."

- Edward de Bono

Creativity is a natural ability, a personality trait, something that everyone must be born with. So when it comes to **classroom activities**that promote creativity, many teachers feel that it is something that cannot be taught. However, some people believe that creativity is a skill that can be learned. Learning creativity is the outcome of hard work, determination and persistence. Even when students have the potential to learn and create something, they still need the incentives to do so. Students are more likely to express their creative potential when they are involved in meaningful and authentic activities that fit their personal interests and abilities, and are also intellectually challenging. To promote and encourage creativity in the classroom,a few strategies like making room for visual reflection in classroom teaching, integrate more hands-on learning, make classroom layout flexible, introduce unconventional learning materials, allow students to have personal choices and contribute to decision that relate to their own learning, take advantage of the available open educational resources (such as lesson plan, stimulations, quizzes and e-book that can be modified, reused, repurposed and shared). The advantage for introducing creativity in the classroom is that these creative classrooms don't just look different, they feel different. They provide an environment where students are more likely to express their ideas, think outside the box, challenge problems with innovative solutions and most importantly – learn faster and more effectively.Thus, in this paper the authors discussed the characteristics and strategies for enhancing the creativity in the classroom.

'' शिक्षक के सृजनात्मकता एवं नवोन्मेश के प्रसार का माध्यमिक स्तर के छात्रो की रूचि एवं उपलब्धि का अध्ययन''

डॉ धनंजय पाण्डेय
व्याख्याता गणित

डॉ राघवेन्द्र गौराहा
प्राचार्य

शा. बहु. उ. मा. विद्यालय बिलासपुर (छ.ग)

अध्यापक यह सामान्य अनुभव करते है कि अधिकतर विद्यार्थी गणित विषय मे रूचि नहीं रखते है। इसका विशेष कारण, स्वयं विषय नही है, परन्तु पाठन विधि के उपयुक्त न होने के कारण बालक इस विषय को पसन्द नहीं करते है। शिक्षण की प्रभावशीलता अच्छी शिक्षण पद्धतियो पर निर्भर करती है। यह अधिगम को सहज तथा सरल बनाती है।

कक्षा 9वीं के गणित पाठ्यकम के सामॉतर रेखा एवं आरेख जैसे गूढ़ पाठ पर कक्षा में शिक्षक प्रायः व्याख्यान देकर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री मान लेते है। छात्र भी परीक्षा के दृष्टिकोण से इसे रट लेते है। विषय का ज्ञान न होने से गणित विषय छात्रों का अपना विषय न बन सका। फलस्वरूप इस विषय के प्रति रूचि ही जागृत नहीं होती है, जो कि उनके शैक्षिक उपलब्धि के लिए अति आवश्यक है। अतः छात्रों की भूमिका को कक्षा शिक्षण में सर्वोपरी मानकर जियो बोर्ड के द्वारा गणित शिक्षण हेतु औचित्यपूर्ण परिर्माजन करते हुए, बालक के सीखने की कला एवं दक्षता का विकास करने का यह प्रयास है।

समस्या के संभावित कारण

1. शिक्षकों द्वारा गणित पढाने की परंपरागत व्याख्यान विधि का प्रयोग करना।
2. गणित विषय के अध्यापन के दौरान छात्रों की सहभागिता का कम होना अथवा बिल्कुल ही न होना।
3. गणित विषय के अध्यापन में अभ्यास एवं निरिक्षण का सर्वदा अभाव।

शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत अनुसंधान का उद्येष्य निम्नलिखित है :–

1. विद्यार्थियों मे गणित के प्रति भय दूर करना।
2. विद्यार्थियों मे गणित के प्रति रूचि जाग्रित करना।
3. विद्यार्थियों द्वारा गणित में की जाने वाली त्रुटियों को जानकर इसे दूर करने का प्रयास करना।
4. विद्यार्थियों मे तर्कशक्ति का विकास करना।

शोध की परिकल्पनाएँ

"जियो बोर्ड द्वारा उच्चतर माध्यमिक षाला की कक्षा 9वी मे गणित विषय के सामॉतर रेखाए एवं आरेख का अध्यापन कर छात्रो की अभिरूचि जाग्रित कर उनकी उपलब्धि बढ़ाना। ''

कार्यपद्धति –

1. किया विधि

1. समस्या के अध्ययन हेतु शिक्षकों, छात्र–छात्राओं से साक्षात्कार लिया गया और समंको की प्राप्ति हेतु पूर्व परीक्षण के अन्तर्गत शौक्षिक उपलब्धि परीक्षण का प्रशासन किया गया। इस प्रश्नावली मे कुल 25 प्रश्न लिए गए जो कि 9वीं कक्षा के अध्याय समानॉतर रेखॉए एवं आरेख से संबंधित थी। अधिकतम अंक 50 रखा गया।
2. इसके पश्चात उत्तर पुस्तिका की जॉच कर ऐसे बच्चों की सूचि बनाई गई जिन्होंने 0–4 , 5–9, 10–14, 15–19, 20–24 एवं 25 अंक प्राप्त किया। इस पूर्व परीक्षण मे चयनित 80 विद्याथियों में से 48 विद्याथियों ने 0–4 अंक प्राप्त किया एवं इसी परीक्षण मे अधिकतम प्राप्तॉक रहा 10 अंक।
3. कक्षा मे जियो बोर्ड द्वारा गणित के उक्त अध्यायों का इसके पश्चात नियमित (दो कालखण्ड) अध्यापन किया गया। प्रत्येक 3 दिवस के पश्चात मूल्यॉकन किया गया।
4. जियो बोर्ड द्वारा शोधकर्ता एवं छात्र स्वयं समानॉतर रेखॉए एवं आरेख के प्रमेयों का सत्यापन करते थे।
5. अंत में अध्यापन पश्चात परीक्षण किए गए। मॉ भारती उच्चतर माध्यमिक शाला लोरमी मुॅगेली के शिक्षकों के द्वारा भी कक्षा में बैठकर पाठ का अवलोकन किया गया एवं कुछ कालखण्डों में अध्यापन भी किया।

नमूना –

1 मॉ भारती उच्चतर माध्यमिक शाला लोरमी मुॅगेली के कक्षा नवमी के विद्यार्थी। कुल छात्रों की संख्या कृ 94 । अनुसंधान हेतु चयनित छात्रो की संख्या – 80।
2. क्षेत्र– ग्रामीण क्षेत्र ,विकासखंड – लोरमी जिला–मुॅगेली (छ.ग.)
3. समयावधि – 19 दिसंबर से 30 दिसंबर तक।

प्रयुक्त उपकरण –

छात्रों में गणित के प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए जियो बोर्ड के अतिरिक्त विभिन्न उपकरण प्रयोग मे लाये गए :–

1. पूर्व एवं पश्चात परीक्षण प्रश्नावली 2. साक्षात्कार (छात्रो एवं शिक्षकों से) 3. श्यामपट 4. गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 5. सतत् मुल्यॉकन परीक्षण (जियो बोर्ड पर) 6. कक्षाकों विभिन्न समूहों में बॉटकर गुह कार्य देना।

पूर्व एवं पश्चात परीक्षण प्रश्नावली –

1. प्रश्नों की संख्या 25
2. प्रश्नों के प्रकार वस्तुनिष्ट प्रश्न, रिक्त स्थानों की पूर्ति, चित्र संबंधि।

प्रदत्तों का विश्लेषण –

जियो बोर्ड द्वारा शिक्षण हेतु 94 विद्यार्थियों में से 80 विद्यार्थियो का चयन कर अध्यापन करने के पश्चात परीक्षण करने पर उनके अंकों में क्रम में सुधार दिखाई देता है। यह सुधार उनमें गणित के प्रति रूचि को प्रर्दशित करता है।

स.क्र.	छात्रों की संख्या	अंक	पूर्व परीक्षण	प्रथम परीक्षण	द्वितीय परीक्षण	तृतीय परीक्षण	चतुर्थ परीक्षण	विशेष कमी या वृद्धि संबंधित वर्ग में
01	80	0–4	48	46	30	12	07	कमी
02		5–9	26	21	20	17	14	कमी
03		10–14	06	12	20	21	19	लगभग कमी
04		15–19	–.	1	08	26	30	वृद्धि
05		20–24	–	––	02	04	08	वृद्धि
06		25	–	––	–––	–––	02	वृद्धि

2.'' अभ्यास से त्रुटि कारने वाले छात्रों की संख्या एवं त्रुटियों की संख्या मे कमी पायी गयी।''

स.क्र.	त्रुटियों की संख्या	छात्रों की संख्या	परीक्षण									
			1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	0–2	80	....	....	....	....	01	05	01	12	20	28
2	3–5		....	03	02	.....	09	13	12	18	25	12
3	6–8		04	....	01	....	04	02	04	18	13	18
4	9–11		03	04	20	30	21	11	12	03	04	05
5	12–14		08	15	15	14	13	14	15	07	06	07
6	15–17		24	23	21	21	20	18	19	12	10	09
7	18–20		41	35	21	15	12	17	17	10	02	01

त्रुटि के प्रकार–

1. आमने सामने के कोण, एकान्तर कोण, संगत कोण के पहचान संबंधी त्रुटि ।
2. अन्तः कोणो का योग संबंधि अवधारणा स्पष्ट न होना ।
3. सामान्तर रेखा पर चाप संबंधि अवधारणा स्पष्ट न होना ।
4. निर्देषांक के प्रति अल्प जानकारी ।

निष्कर्ष–

1. ''खेल–खेल में (जियो बोर्ड) अर्थात गतिविधि अधारित छात्रों को गणित शिक्षण दी जाए तो उनमें इस विषय के प्रति रूचि जागृत की जा सकती है। ''छात्रों की उपलब्धि परीक्षण से प्राप्त समंक, गृहकार्य के अवलोकन, गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उनकी सकीय भागीदारी, कक्षा में अभ्यास कार्य का निरीक्षण, करने पर यह पाया गया कि कक्षा में उपस्थित कुल 80 विद्यार्थियों में से जिन 56 छात्र–छात्राओं ने इस विषय के प्रति अपनी अरूचि प्रारंभ में अनुसंधानकर्ता के समक्ष प्रदर्शित की थी, उनमें 47 विद्यार्थी, अर्थात 84 प्रतिशत छात्र–छात्राएँ की अभिवृति मे साकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दिया जबकि शेष 16 प्रतिशत को कुछ और समय दिया जाता तो उनमें भी साकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होना निश्चित रूप से कहा जा सकता है।

2. " गणित मे अभ्यास एवं निरिक्षण से इस विषय मे छात्रो द्वारा की जाने वाली त्रुटियो को कम किया जा सकता है। " कक्षा मे छात्र–छात्राओ को कुल 4 समूहों में बॉटा गया और एक–एक समूह प्रमुख की नियुक्ति की गई। इन समूह प्रमुखों को यह जिम्मेदारी दी गई कि अपने–अपने समूह को दिए गए गृहकार्य को प्रतिदिन देखे और समस्या हल न होने पर उसी दिन कठिनाई का निराकरण अनुसंधानकर्ता से कराए। अनुसंधान हेतु कक्षा का स्वरूप कुछ अधिक होने व इस हेतु उपलब्ध अल्प समय में ही इसे पूर्ण करने के उद्देश्य से यह कसरत की गई। इस कार्यवाही का अनुसंधानकर्ता द्वारा सतत् निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। गणित विषय का कक्षा अभ्यास भी नियमित कराया गया व इसका सतत् निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। इन कराए गए अभ्यासों व निरीक्षण से गणित विषय में की जाने वाली सामान्य त्रुटियॉ कमशः कम होते होते न्यून्तम हो गई।

3. "गणित शिक्षण के दौरान छात्रों की सक्रीय सहभागिता, इस विषय मे छात्रों की रूचि को जाग्रित करने में सहायक होगी।"

छात्रों द्वारा जियो बोर्ड के माध्यम से आरेख, सामॉतर रेखाएँ संबंधित प्रमेय एवं प्रश्नों की सत्यता की पुष्टि खेल–खेल में की गई। जियो बोर्ड के उपयोग हेतु छात्रों को अवसर प्रदान किया गया ताकि उनकी सहभागिता निरंतर बनी रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सारी गतिविधियों का अवलोकन व गणित शिक्षक के साक्षात्कार के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला गया कि सक्रीय सहभागिता, इस विषय में छात्रों की रूचि को जागृत करने में सहायता प्रदान की।

शोध की उपयोगिता

1. माध्यमिक तथा हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों मे गणित के प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए गणित शिक्षण की परंपरागत पद्धति के साथ–साथ जियो बोर्ड का प्रयोग करने में साकारात्मक परिणामों की प्राप्ति हो सकती है।

2. गणित शिक्षण में जियो बोर्ड के उपयोग से छात्रों की सकिय भागीदारी बनी रहती है, फलस्वरूप विषय के प्रति आकर्षण बढ़ाने मे मदद मिलता है।

IMPACT OF TECHNOLOGY IN MODERN EDUCATION

Reshamlal Pradhan
Assistant Professor
Computer Science Department

Dr. Pushkar dubey
Assistant professor
Management Department

Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh, Bilaspur(C.G.)

In today's era, Technology has large impact on every field of Education, Science and Governance in the world. We cannot think of education without imparting technology in today's scenario. Modern education is fully rely on the technology. Today education is possible for every human being at doorstep with the help of Technology. Technology has made education quick accessible at doorstep. Technology has large impact on both type of conventional and open mode education. In conventional mode, educational classes are being conducting through digital equipment's like projectors, computers, e board etc. or through online conference mode. Digitals libraries are available for the students. In open education, Students are getting education at doorsteps. Students are getting admission to higher education institutions through online mode. Institutions are providing online study materials, e-contents to the students; even examinations are conducting through online mode. By imparting quality education, Modern education is getting digitalising day by day. In future Education will also be possible in virtual mode with the help of technology.

पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विवि में द्वितीय दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में उत्साह

34 को स्वर्ण और 10198 छात्र-छात्राओं को दी गई उपाधि

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर.

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10198 छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं पत्रोपाधि उपाधि प्रदान की गई. समारोह में अतिथियों के द्वारा 34 छात्रों को स्वर्ण-पदक एवं उपाधि वितरण किया गया. इस दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में जबरदस्त उत्साह दिखा.

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रो. वंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि प्रो. ...

पीएचडी छात्रों का उपाधि लंबित

ओपन यूनिवर्सिटी | 45 छात्रों को दिया जाएगा मेडल, रिहर्सल में 34 छात्र पहुंचे

दीक्षांत समारोह आज, दो बार हुई रिहर्सल

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

ओपन यूनिवर्सिटी में गुरुवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा। ...

ओपन यूनिवर्सिटी में रिहर्सल के दौरान कुलपति डॉ. सिंह छात्रा को उपाधि देते हुए।

आधे घंटे पहले पहुंचना होगा समारोह में

10 हजार 198 छात्रों को पत्रों उपाधि दी जाएगी

इन्हें दिया जाएगा स्वर्णपदक व उपाधि

आयोजन: पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि का दूसरा दीक्षांत समारोह, जबलपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हुए शामिल

विवि ऋषि परंपरा का औपचारिक स्वरूप

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी, शाश्वत भारत विषय पर विद्वानों ने रखे अपने विचार

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने मानव मन को सांप्रदायिक और क्रूर बना दिया

ओपन यूनिवर्सिटी में भावी शिक्षकों ने दी छत्तीसगढ़ी गीत, रावत नाच और सुआ नृत्य की प्रस्तुति

बीएड प्रथम वर्ष के 102 प्रशिक्षार्थियों की लगी संपर्क कक्षा, 9 प्रश्नपत्र को प्रायोगिक तरीके से पढ़ाया गया

ओपन यूनिवर्सिटी में बीएड के प्रशिक्षार्थी नृत्य की प्रस्तुति देते।

दीक्षांत समारोह में तीन छात्रों को तीन-तीन व दो को दो-दो पदक

ओपन यूनिवर्सिटी: 34 छात्र-छात्राओं को मिले गोल्ड

ओपन के दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनेंगे बच्चे

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में 21 दिसंबर को द्वितीय दीक्षांत समारोह है। पहली बार स्कूली बच्चे समारोह का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के विश्वविद्यालय के कुलपतियों को दीक्षांत में स्कूली बच्चों को शामिल करने आह्वान को ध्यान में रखते हुए कदम उठाया गया है।

द्वितीय दीक्षांत समारोह में सरकारी व निजी स्कूलों के 25 विद्यार्थी शिरकत करेंगे। आमतौर पर दीक्षांत में छोटे बच्चों को एंट्री नहीं रहती। समारोह में इनकी खास मेहमाननवाजी होगी। कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जबलपुर विवि में अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ प्रो. एडीएन वाजपेयी होंगे। शिमला विवि के पूर्व ...

20 को फुल ड्रेस रिहर्सल

20 दिसंबर को फुल ड्रेस रिहर्सल है। इस दिन सभी विद्यार्थियों को बुलाया जाएगा। विस्तृत प्रोटोकाल 19 दिसंबर को जारी होगा। जिसमें मेहमानों के आने से लेकर दीक्षांत का समय भी तय होगा। शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी का नाम सार्वजनिक किया जाएगा। दीक्षांत को लेकर जोरदार तैयारी चल रही है। अगले सप्ताह उपाधि धारकों की लिस्ट भी जारी होगी।

द्वितीय दीक्षांत समारोह बेहद खास होगा। 25 स्कूली बच्चे शिरकत करेंगे। पांच स्कूलों से पांच-पांच बच्चे जुड़ेंगे। दीक्षांत से अवगत कराने के साथ उन्हें पूरी जानकारी दी जाएगी। इससे उनका मनोबल भी बढ़ेगा। समाज को नई दिशा मिलेगी।

डॉ. बंश गोपाल सिंह, कुलपति पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि

... कि इस बार ड्रेस कोड में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार की तरह पारंपरिक भारतीय वेशभूषा होगी। उपाधि के लिए किसी भी छात्र-छात्राओं से शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पूरी तरह से निःशुल्क होगा।

आयोजन | ओयू के दीक्षांत समारोह में 10 हजार 198 छात्रों को पत्रो डिग्री दी गई

15 को स्वर्ण और 19 छात्रों को दी गई उपाधि

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर

ओपन यूनिवर्सिटी में गुरुवार को दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें तीन छात्रों को 3 स्वर्ण पदक, 2 छात्रों को दो और 10 छात्रों को एक-एक स्वर्ण पदक दिया गया। समारोह में उपस्थित 19 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। वहीं 10 हजार 198 छात्रों को पत्रो उपाधि देने की घोषणा अतिथियों द्वारा की गई। समारोह में 10 दानदाताओं के स्वर्णपदक छात्रों को दिए गए। ओयू के द्वितीय दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी जबलपुर के प्राध्यापक प्रो. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि बीयू के कुलपति प्रो. जीडी दत्त शर्मा, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. मानसिंह परमार और अध्यक्षता ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की। दीक्षांत समारोह में एमए संस्कृत के उमाशंकर बड़भड़, एमए राजनीति शास्त्र के नरेंद्र कुमार राजवाड़े और बीएड की पुष्पवती चक्रधारी को दानदाताओं और यूनिवर्सिटी का 3-3 स्वर्ण पदक दिया गया। वहीं बीएड के भानुप्रताप जोगड़े, एमएससी गणित के विरुण कुमार को दो स्वर्ण पदक दिया गया। इसके अलावा बीएससी खेमराज पटेल, एमए अर्थशास्त्र की दर्स फातमा सिद्दिकी, एमए हिंदी की रीना महापात्र सहित अन्य को स्वर्ण पदक दिया गया।

10 दानदाताओं के गोल्ड मेडल छात्रों को दिए गए, विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं का रहा जमावड़ा

ओपन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि तथा उपाधि से सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं।

कर्म व गति महत्वपूर्ण है, लेकिन गति की दर नहीं: प्रो. वाजपेयी

समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि ये यूनिवर्सिटी हमारी उस प्राचीन ऋषि-परंपरा के औपचारिक स्वरूप है, जिसमें गुरु और शिष्य पास-पास बैठकर अपने ज्ञान का आदान-प्रदान किया करते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कर्म का महत्व कम है। उन्होंने कहा कि जिस भाव को लेकर हम कर्म करते हैं, वह भाव महत्वपूर्ण है। सहज कर्म, कर्म है, लेकिन उस कर्म से हमको मुक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। उसके लिए श्रेष्ठ कर्म करने होंगे। कर्म महत्वपूर्ण, गति महत्वपूर्ण है, लेकिन गति की दर महत्वपूर्ण नहीं है।

भारत में उच्च शिक्षा का सकल नामांकन बढ़ाने की जरूरत: प्रो. शर्मा

दीक्षांत समारोह में बीयू के कुलपति प्रो. शर्मा ने मेडल व उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी प्रतिभा व अथक परिश्रम द्वारा स्वर्ण पदक और उपाधि प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले नवयुवक का सकल नामांकन अनुपात अभी राष्ट्रीय स्तर पर 22 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 19 प्रतिशत है। जबकि तमिलनाडु जैसे प्रदेश में 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 800 यूनिवर्सिटी और 40 हजार कॉलेज हैं। इसमें लगभग 20 प्रतिशत युवा ही शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में ओपन यूनिवर्सिटी देश व प्रदेश के युवाओं अतिरिक्त योगदान है।

ऊंचाइयों को छूना इतना मुश्किल नहीं जितना लगता है: प्रो. मान सिंह

पत्रकारिता यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति डॉ. मान सिंह परमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी में प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग जीवन को समृद्ध बनाने के साथ-साथ देश व समाज हित में भी किया जाना चाहिए। युवाओं को जीविकोपार्जन के साथ जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। इसके अलावा नैतिकता, मानव मूल्य, संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी ध्यान होगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छात्र अपने भविष्य का स्वयं आर्किटेक्ट होता है। छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने की पूरी कोशिश करनी होगी।

इस वर्ष यूनिवर्सिटी में 31 हजार 700 छात्र हैं अध्ययनरत: डॉ. सिंह

ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक उन सभी ... नागरिकों के लिए यह यूनिवर्सिटी को स्थापित किया गया है, जो युवा हैं या किसी ... किसी भी रोजगार, व्यवसाय, नौकरी में हैं या बेरोजगार हैं। वह परंपरागत संस्था में जाकर शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते, लेकिन ... उपाधि ... उनके लिए यह यूनिवर्सिटी है। इस वर्ष यूनिवर्सिटी से पूरे राज्य में 31 हजार 700 विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में जल संरक्षण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जल ही जीवन की महत्वपूर्ण जरूरत

आयोजन : शाश्वत भारत विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

सभ्यता नहीं उसका महाद्वीप है भारत

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

शाश्वत भारत विषय पर पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन सोमवार को हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता पूर्व राज्यसभा सदस्य व एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने अपनी बात रखी। कहा कि भारत एक समाज, संस्कृति, सभ्यता या परंपरा नहीं बल्कि उनका एक महाद्वीप है।

डॉ. शर्मा ने पं.दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्र जीवन पर योगदान को लेकर कहा कि पं.उपाध्याय ज्ञान के स्वरूप को शाश्वत मानते थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। साथ ही अपने पुस्तक चंद्रगुप्त मौर्य और आधुनिक भारत का निर्माता के

बिलासपुर। अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति।

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय स्टॉफ व अन्य।

साथ माना गया है। सबसे ऊपर अगर कोई है तो वह मनुष्यता है। तीनों सत्रों में शोधार्थियों द्वारा 50 शोध पत्र पढ़े गए। विवरण प्रस्तुतकर्ता का कार्य सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रकृति जेम्स, रेशमलाल प्रधान, डॉ.अनिता सिंह, संजीव कुमार लवनिया, डॉ.प्रीति रानी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विवेकानंद पीठ के प्रो.ओमप्रकाश वर्मा, कुलपति डॉ. चंद्रा गोपाल सि के साथ बड़ी संख्या में प्रोफेसर व अ शिक्षाविद मौजूद रहे।

प्राचीन गौरव पर चिंतन की जरूरत

ओपन यूनिवर्सिटी में शाश्वत भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

दुनिया की सबसे श्रेष्ठ भाषा है संस्कृत

राष्ट्रीय संगोष्ठी | ओयू में पहले दिन 4 सत्र में चली संगोष्ठी, 6 वक्ताओं ने रखे विचार

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने मानव को साम्प्रदायिक व क्रूर बनाया है: इंद्रेश

शिक्षा व अर्थव्यवस्था में सामंजस्य नहीं: डॉ. वाजपेयी

तकनीकी सत्र में 76 शोध पत्रों का हुआ वाचन

आयोजन | पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में महिलाओं की दशा और सशक्तिकरण की आवश्यकता पर व्याख्यान

सशक्तिकरण का सर्वोत्तम माध्यम है शिक्षा: डॉ. बंशगो

डॉ. मंजू त्रिपाठी ने कहा - वैदिक कालीन समाज में भी महिलाओं की स्थिति विशिष्ट और सम्माननीय थी

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. सिंह अन्य अतिथि।

महिलाओं की दशा और सशक्तिकरण की आवश्यकता पर आयोजित व्याख्यान माला में उपस्थित शिक्षक व छात्राएं।

महिलाएं संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था

कार्यक्रम | बीयू में चल रहे 'शाश्वत भारत' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

समाजवाद ज्यादा दिन नहीं चला, राष्ट्रवाद का विरोध पूंजीवाद ने किया: डॉ. सिंह

व्यावहारिक होना चाहिए शब्दों का प्रयोग : खरे







"जल जीवन की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। हमारा छत्तीसगढ़ सोना उगलता है। वर्ष 2002 से हमने जल बचाने की मुहिम शुरू की है। पदयात्रा कर हम नदियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। नीर और नारी आज की सबसे बड़ी जरूरत है। करके दिखाना सबसे महत्वपूर्ण है। मैं स्कूल नहीं जा पाई, लेकिन मैं करके दिखाना चाहती हूं। दूसरों के लिए जीने का नशा बड़ा निराला है और सबसे बढ़िया नशा है समाज सेवा। यह कहना है पद्मश्री मिनीमाता अलंकरण से विभूषित फूलबासन यादव का।"

280 शोध पत्रों का वाचन, प्रस्तुत किए गए 25 मॉडल

नदियां जोड़ें नहीं, तालाबों को रीचार्ज करना जरूरी

रेत नहीं, मुरम या रावड़ का इस्तेमाल

आयोजन | बीयू में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

जम्मू-कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाना राजनैतिक नेतृत्व की चूकः आयुषी

8 तकनीकी सत्र में हुई संगोष्ठी, 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया



धर्म में अलगाव नहीं होना चाहिए: प्रो. पाण्डेय

जम्मू-कश्मीर के इतिहास के पुनरावलोकन की आवश्यकता

जम्मू-कश्मीर : तथ्य, समस्या एवं समाधान विषय पर हुई चर्चा, बीयू एवं पं. सुंदरलाल शर्मा वि.वि. का संयुक्त आयोजन

नवभारत रिपोर्टर | बिलासपुर.

जम्मू-कश्मीर के इतिहास के पुनरावलोकन की आवश्यकता है. वास्तव में जम्मू-कश्मीर की संस्कृति, जीवन-शैली, भारतीयता की विशेषता है. वर्तमान में हम उसी संस्कृति के संवाहक हैं. भारत एक ऐसा देश है, जिसका निर्माण प्रकृति ने किया है. उक्त बातें जम्मू-कश्मीर : तथ्य, समस्या एवं समाधान विषय पर बिलासपुर वि.वि. एवं पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छ.ग. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने कही.

कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में कुलपति हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय वि.वि. प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने जम्मू-कश्मीर : तथ्य, समस्या एवं समाधान विषय पर अपने उद्बोधन में जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक सीमाओं को स्पष्ट करते हुये कहा कि जम्मू-कश्मीर पांच भागों में बंटा है, जिसे हम जम्मू-कश्मीर कहते हैं, वे हैं- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बलुचिस्तान, जम्मू-कश्मीर के जिन पांच भागों के रहवासी की बात है तो वे भारत में ही रहना चाहते हैं, वे भारत के अभिन्न अंग हैं. द्वितीय तकनीकी सत्र में अजय कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की भू-सामरिक स्थिति का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है. जम्मू-कश्मीर के विषय में शोध तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक होनी चाहिये. जम्मू कश्मीर को वर्तमान में कश्मीर केंद्रीय बना दिया गया है. तृतीय तकनीकी सत्र में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केन्द्र, नई दिल्ली आशुतोष भटनागर ने जम्मू-कश्मीर का इतिहास भारत का इतिहास है.

जम्मू-कश्मीर के अध्ययन में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एच.एस. होता, सहसंयोजक द्वय डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति एवं डॉ. रुचि त्रिपाठी, आयोजन सचिव डॉ. डी.के. श्रीवास्तव एवं सह-आयोजन सचिव प्रो. रश्मि श्रीवास्तव एवं प्रो. प्रेमा साहू का कार्यक्रम के सुचारु संचालन में विशेष योगदान रहा.

जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र देश भर काम रहा है

जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र के प्रांत सचिव छत्तीसगढ़ बृजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र पूरे देश भर में काम कर रहा है. और समाज के हर वर्ग के लोगों को जम्मू कश्मीर के बारे में सही जानकारी उपलब्ध करा रहा है. जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र द्वारा लगातार कार्यशाला आयोजित की जा रही है.

पानी बचाने आदत में करना होगा बदलाव

हरिभूमि 30/3/18

हरिभूमि न्यूज़ ›› बिलासपुर

पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में जल संरक्षण समय की मांग विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर विश्वविद्यालय व डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह सेमिनार छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित था।

कुलपति पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। आने वाले समय में हम सभी विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकार में मिलकर काम करेंगे। हम अपनी छोटी-छोटी आदतों को बदलकर बड़ा बदलाव कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही राष्ट्रीय स्तर व विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाएगा। विश्वविद्यालय का कार्य ही शोध करना व ज्वलंत विषयों पर चर्चा करें। पं. सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय ने बेहतर कार्य किया है। पानी भविष्य की बड़ी चुनौती है और तीसरा विश्वयुद्ध शायद पानी पर होगा। बिलासपुर तालाबों का शहर रहा है। उन्होंने [illegible] पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र को याद करते हुए कहा कि आज भी खरे हैं तालाब उन्हें पुनर्जीवित किए बिना नदियों को पुनर्जीवन नहीं दिया जा सकता। इसके लिए हमें नीति बनाने की आवश्यकता है। भावी पीढ़ी के लिए अगर हम कुछ महत्वपूर्ण छोड़कर जा सकते हैं तो वो जल संरक्षण ही होगा।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने कहा कि जल पंचतत्वों में से एक है। वैदिक काल से इसका महत्व बताया जाता रहा है। इजराइल जैसे देश से हमें पानी का संरक्षण सीखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गौरीदत्त शर्मा ने कहा कि गंगा से भी अधिक पवित्र है नर्मदा। जो विश्व के चार में [illegible] हुई है। जल के बिना जीवन असंभव है। जीव की उत्पत्ति और सभ्यताओं का विकास जल से ही हुआ है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय के सिलेबस में जल संरक्षण को शामिल करना चाहिए। इसे शैक्षणिक संस्थानों से ही शुरू करना होगा। मुंबई कल्याण यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रो. शर्मा ने कहा कि मार्च डिट में बनारस से बेहतर उदाहरण नहीं हो सकता। [illegible] द्वीप इसका [illegible] उदाहरण है। जहां एक व्यक्ति की पहल से एक मैन मेड फॉरेस्ट बनाया गया जो विश्व के लिए एक उदाहरण है। इसके बाद जल संरक्षण, जल सुरक्षा एवं सतत् [illegible] की योजनाएं, [illegible] शुद्धिकरण एवं पुनः उपयोग, जल गुणवत्ता एवं प्रबंधन विषय पर दो अन्य तकनीकी सत्र शुरू हुए हैं। [illegible] मिशन के तहत कल अरपा नदी के संरक्षण के लिए संकल्प लिया जाएगा। इसमें राज्य के सभी बुद्धिजीवियों, समाज शास्त्रियों को आमंत्रित किया गया है। संगोष्ठी के लिए शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से 282 शोध-पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनका वाचन किया जा रहा है। जल संरक्षण विषय पर 22 मॉडल एवं 5 पोस्टर विभिन्न विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों से प्राप्त हुए [illegible]।



सुन्दरलाल प्रो पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

[illegible] मंत्री अमर अग्रवाल।

पं. सुन्दरलाल शर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण करते मंत्री अग्रवाल।

जल संरक्षण के लिए बच्चों ने बनाए मॉडल

[illegible]

संगोष्ठी का विषय वस्तु

[illegible]

पं.सुन्दरलाल शर्मा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन, विश्वविद्यालय मे 14 वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत - बंश गोपाल

नवभारत 30/3/2018

■ नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर

जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है और आगामी समय में भी हम सभी विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों में मिलकर काम करेंगे. हम अपनी छोटी-छोटी आदतों को बदलकर बड़ा बदलाव कर सकते हैं. उक्त बातें पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने 'जल संरक्षण- समय की माँग' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कही.

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में 'जल संरक्षण- समय की मांग' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बिलासपुर के चार विश्वविद्यालय पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, गुरु घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर विश्वविद्यालय एवम् डॉ. सीवी. रमन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही राष्ट्रीय [illegible] बनायेगा. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने कहा कि हमे इजराइल जैसे देश से हमें पानी का संरक्षण सीखना चाहिए. ड्रीप इरीगेशन के जरिये उन्होंने पूरे विश्व को संदेश दिया है. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गौरीदत्त शर्मा ने कहा कि जल के बिना जीवन असंभव है. विशिष्ट अतिथि के रूप में ही उपस्थित कुलपति डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय के सिलेबस में जल संरक्षण को शामिल किया जाना चाहिए.

एक से बढ़कर एक मॉडल, जमकर हुई तारीफ

जैविक ईंधन और जल की गुणवत्ता जांचने की मशीन, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, भूजल स्तर को ऊपर उठाने का सोख्ता गड्ढा, तियो येटीला [illegible] नामक पौधे से जलकुंभी की सफाई का तरीका, नदियों के किनारे पर वृक्षारोपण का मॉडल, घरेलू व औद्योगिक पानी को साफ करने का तरीका समेत एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें काफी सराहना मिली.

'नमामि अरपा' मिशन का शुभारंभ आज

संगोष्ठी के दूसरे दिन 'नमामि अरपा' मिशन के तहत कल अरपा नदी के संरक्षण के लिए संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इसमें प्रदेश भर के समाज शास्त्रियों को आमंत्रित किया गया है.

कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने किया तथा मंच संचालन डॉ. रुपेन्द्र राव ने किया. संगोष्ठी के संयोजकगण इस संगोष्ठी के संयोजकगण डॉ. अनिता सिंह, सहायक प्राध्यापक, रेशमलाल प्रधान, सहायक प्राध्यापक, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, डॉ. के. के. चन्द्रा, सह प्राध्यापक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, डॉ. एच. एस. होता, सह प्राध्यापक, बिलासपुर विश्वविद्यालय, डॉ. मनीष उपाध्याय, प्राध्यापक, डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा है.

राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

एन सी टी ई द्वारा मान्यता प्राप्त एवं दुर्ग वि.वि. से सम्बद्ध

समिति पंजीयन क्र. 3049/2010 विश्वविद्यालय सम्बद्धता क्र. 7958/2012 एन सी टी ई मान्यता क्र. 92358/2012

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित

समाधान महाविद्यालय

चेतना विकास मूल्य शिक्षा के साथ

जीवन लक्ष्य

अस्तित्व ही सह अस्तित्व है

सत्र 2019–20 हेतु प्रवेश प्रारंभ

संचालित कोर्स

- B.Ed.* **कोर्स कोड 114335**
- BBA
- BCA
- B.Com. (with Computer)
- PGDCA
- B. Sc. (C.S.) इस वर्ष से
- ITI – (COPA)
- ITI – (Electrical)

उपलब्ध सुविधाएं

• Spoken English & Personality Dev. • अंग्रेजी व हिंदी माध्यम • स्वावलंबन का अवसर • कैन्टीन व छात्र–छात्राओं के लिए पृथक छात्रावास • सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी • आधुनिक कम्प्यूटर लैब • आवागमन के लिए बस सुविधा • मेमोरी डेवलपमेंट के लिए निमोनिक टेक्नीक व गाइडेड डिस्कवरी का विशेष प्रशिक्षण • अनुभवी व योग्य अध्यापक • हुनर/कौशल प्रशिक्षण • वाई–फाई कैम्पस • सभी संकायों में शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • स्पोर्ट्स की सुविधा • शैक्षणिक भ्रमण

सत्र 2018–19 में प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

समाधान महाविद्यालय, समृद्धि विहार, बेरला रोड, बेमेतरा, फोन नं. 07824299099

मो.– 9131629036, 9329329726, 7000614366, 9424249630,

Email - samadhancollege.bemetra@gmail.com, website www.samadhancollege.in, www.samadhancollege.com

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोर्स

दूरस्थ शिक्षा

- D.El.Ed*
- B.A.
- B.Com
- M.A. Hindi
- M.A. English
- M.A. Sanskrit
- M.A. History
- M.A. Pol. Science
- M.A. Sociology
- M.A. Economics
- MSc Mathe
- PGDCA
- DCA

D.El.Ed प्रारंभ

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश लेने वाले छात्रो के लिए विशेष

"उच्च-शिक्षा आपके द्वार"

★ पाठ्य-सामग्री डाक द्वारा विद्यार्थियों के घर भेजी जाएगी।

★ "सत्रीय-कार्य" घर से लिखकर लाने की सुविधा।

★ परीक्षा परिणाम समय पर घोषित।

★ पाठ्यक्रम संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु ऑन-लाइन सुविधा।

★ मेधावी छात्रों की शुल्क वापसी।

★ विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रों का स्वर्ण पदक द्वारा सम्मान।

★ पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु अनुभवी शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन।

★ संबंधित पाठ्यक्रम की आवश्यक सूचना मोबाइल पर।

अध्ययन केन्द्र कोड D2201

प्रवेश हेतू एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :

9131629036, 9329329726,

9165052295

राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

Estd-1997 NAAC B+ ACCREDITED

D.L.S.P.G. COLLEGE

ASHOK NAGER SARKANDA

BILASPUR[C.G.]

COURSES AVELBALE

(U.G. COURESES)

1. B.A.
2. B.SC.
3. B.COM.
4. B.C.A.

(P.G. COURESES)

1. M.Com.
2. M.A.(History,English,Geography
3. M.S.W.
4. M.SC.(Chemistry,Maths,Botany,Zoology) (Physics,Micro,C.S.)

(Other Courses)

D.C.A. , P.G.D.C.A. ,B.ED.

CONTACT NO: 7898740806, 9407690456

B.D.MAHANT COLLEGE

PALI KORBA (C.G.)

COURSES AVELBALE

1. B.A. 2. B.SC. 3. B.COM

CONTACT NO: 7898740806, 9407690456

राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

इंदिरा गांधी कला/विज्ञान महाविद्यालय राहौद

जिला - जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

email: lgcollege333@rediffmail.com Mob.- 9098155099

संचालित पाठ्यक्रम

1. बी.ए. (समस्त विषय)
2. बी.एस.सी.(गणित, बायोलॉजी, माइक्रोबॉयोलाजी,बायोटेक्नोलॉजी)
3. बी.सी.ए.
4. पी.जी.डी.सी.ए.
5. एम.ए. (भूगोल, हिन्दी साहित्य, समाज शास्त्र)
6. एम.एस.सी. (रसायन, भौतिक, वनस्पति विज्ञान एवं गणित)

राहौद ऐजुकेशन सोसायटी राहौद

जिला - जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

संचालित पाठ्यक्रम

1. D.El.Ed. - Code- 215301
2. B.Ed. - Code- 115304

M.Ed.

email: res522@rediffmail.com Mob.- 9907133411